
नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


5 रिश्तों को मजबूत करने का लिया संकल्प



6 आखिर क्यों है इतना खास अभी चल रहा अधिक मास


7 निवेशक खातों की संख्या 26 करोड़ पार


8 मानव सुथार और कृष्णा की धार

# 8 राज्यों में पहुंचा मानसून

## महाराष्ट्र से पूर्वोत्तर तक बारिश, कई राज्यों में अलर्ट



**नई दिल्ली/भोपाल, 8 जून. दक्षिण-पश्चिम मानसून ने आखिरकार रफ्तार पकड़ ली है और महाराष्ट्र समेत देश के आठ राज्यों में अपनी मौजूदगी दर्ज करा दी है. भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक मानसून अब दक्षिण कोंकण, आंध्र प्रदेश, मिजोरम और मणिपुर तक पहुंच चुका है, जबकि अगले दो से तीन दिनों में इसके देश के अन्य हिस्सों में आगे बढ़ने की संभावना है. वहीं अरब सागर में मानसून सनसनाते हुए बढ़ रहा है. इसके कारण बंगाल की खाड़ी में बवंडर उत्पन्न हो गया है.**

मानसून की सक्रियता के चलते केरल, कर्नाटक, गोवा और तमिलनाडु में कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हो रही है. तिरुवनंतपुरम, चिकमंगलूर और हैदराबाद जैसे शहरों में लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है. हालांकि दक्षिण भारत में बारिश के बावजूद तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में गर्मी का प्रकोप जारी है और लगातार पांच दिनों से तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया जा रहा है. दूसरी ओर मध्य भारत और उत्तर भारत में प्री-मानसून गतिविधियों ने मौसम को पूरी तरह बदल दिया है.

मध्य प्रदेश के भोपाल समेत कई जिलों में 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं. राजस्थान के बीकानेर में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई, जबकि टोंक में दो इंच से अधिक वर्षा रिकॉर्ड की गई. उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड में भी कई स्थानों पर बारिश और आंधी का असर देखने को मिला. मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों के लिए केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है. वहीं मौसम का एमपी में डबल गेम चल रहा है कहीं बारिश तो, कहीं उमस हो रहा है. यूपी समेत कई राज्यों में झमाझम बारिश का भी अलर्ट है.

> वहीं राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तराखंड में तेज हवाओं और गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई है. इसके साथ ही ओडिशा और आंध्र प्रदेश में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है. इस बीच मौसम वैज्ञानिकों की नजर प्रशांत महासागर में विकसित हो रहे अल नीनो पर भी बनी हुई है.

## भारत की 7.7% जीडीपी ने दुनिया को किया हैरान

- चौथी तिमाही के आंकड़ों ने दिखाई घरेलू मांग की ताकत
- वैश्विक संकट के बीच भारत की विकास रफ्तार बरकरार




**नई दिल्ली, 07 जून. भारत ने वित्त वर्ष 2025-26 में 7.7 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर्ज कर दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है. चौथी तिमाही में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर ने बाजार और विशेषज्ञों के अधिकांश अनुमानों को पीछे छोड़ दिया.**

यह प्रदर्शन ऐसे समय में सामने आया है जब वैश्विक अर्थव्यवस्था कई चुनौतियों से गुजर रही है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भू-राजनीतिक तनाव बढ़ा हुआ है. सरकारी आंकड़ों के अनुसार, विनिर्माण, निर्माण और सेवा क्षेत्र ने आर्थिक वृद्धि को मजबूती प्रदान की. निजी उपभोग और निवेश गतिविधियों में लगातार बढ़ोतरी भी अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत लेकर आई। सकल स्थिर पूंजी निर्माण और उपभोक्ता खर्च दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई, जिससे घरेलू मांग की मजबूती स्पष्ट दिखाई दी. आर्थिक गतिविधियों में तेजी का असर कई प्रमुख क्षेत्रों में देखने को मिला.

व्यापार, परिवहन और वित्तीय सेवाओं से जुड़े क्षेत्रों ने भी मजबूत प्रदर्शन किया. विशेषज्ञों का मानना है कि सरकारी पूंजीगत व्यय और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर जारी निवेश ने विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. हालांकि वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव और ऊर्जा बाजार में उतार-चढ़ाव को लेकर चिंता बनी हुई है, लेकिन ताजा आंकड़े यह दर्शाते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने अब तक अपनी मजबूती बनाए रखी है.

## एक नजर में



### यूएन सम्मान से गौरवान्वित हुईं मेजर अभिलाषा बराक

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र के मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित होने पर मेजर अभिलाषा बराक को बधाई देते हुए इसे उनकी उत्कृष्ट सेवा और संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में भारत के दीर्घकालिक योगदान की मान्यता बताया है. प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी संदेश में मेजर बराक की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि वैश्विक शांति स्थापना में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका का भी प्रतीक है.

### कान्हन नदी में डूबने से बच्चे समेत तीन की मौत

**नागपुर.** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया, जहाँ कन्हान नदी में एक-दूसरे को बचाने के प्रयास में छह साल के एक बच्चे समेत एक ही परिवार के तीन सदस्यों की डूबने से मौत हो गई. मृतकों की पहचान छह वर्षीय चैतन्य बबलू अंबाडे, गौतम राजकुमार अंबाडे और रोहित कैलाश नागदेवे के रूप में हुई है। ये तीनों आपस में रिश्तेदार थे और एक ही संयुक्त परिवार का हिस्सा थे। पुलिस ने बताया कि परिवार के करीब एक दर्जन सदस्य ओल्ड कामटी में कन्हान नदी के निकट एक शिव मंदिर में दर्शन करने और पिकनिक मनाने आए थे.

### भारत की जन्मदर 1.9 पर एलन मस्क ने जताई चिंता

**नई दिल्ली.** दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश भारत में जन्मदर में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है. संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की ताजा रिपोर्ट के अनुसार देश की कुल प्रजनन दर घटकर 1.9 जन्म प्रति महिला रह गई है. यह आंकड़ा उस रिप्लेसमेंट लेवल 2.1 से नीचे है, जिसे किसी भी देश की आबादी को स्थिर बनाए रखने के लिए आवश्यक माना जाता है.

## गुस्ताखी माफ




# गहलोत के बयान से कांग्रेस में कोहराम

## मेरे साथ हुई थी साजिश, बन सकता था कांग्रेस अध्यक्ष : गहलोत



**जयपुर, 07 जून. राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को एक बयान देकर राजनीतिक गलियारों में कोहराम मचा दी. गहलोत ने कहा कि सोनिया गांधी और कांग्रेस हाईकमान उन्हें कांग्रेस अध्यक्ष बनाना चाहते थे, लेकिन किसी साजिश के चलते यह अवसर उन्हें नहीं मिल पाया.**

पत्रकारों से बातचीत में गहलोत ने कहा कि कौन कांग्रेस अध्यक्ष नहीं बनना चाहेगा जब सोनिया गांधी ने मुझसे कहा. क्या मैं मना कर देता? मुझे लगता है कि मेरे साथ साजिश हुई. गहलोत ने मानेसर कांड को लेकर भी अपनी बात रखी. उन्होंने कहा कि पार्टी के भीतर मतभेद हैं, लेकिन ये निजी मामले हैं जिन्हें पार्टी अपने अंदर सुलझा लेगी. उन्होंने कई वरिष्ठ नेताओं जैसे सचिन पायलट, गोविंद सिंह डोटासरा, टीकाराम जूली, सीपी जोशी और अन्य नेताओं का नाम लेते हुए कहा कि सभी नेताओं में आपसी विश्वास कायम है और गलतफहमियों को सुलझा लिया जाएगा.

पूर्व मुख्यमंत्री ने राजस्थान कांग्रेस और हाईकमान के बीच विश्वास को भी रेखांकित किया. उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी और उसके बाद सोनिया गांधी ने राजस्थान कांग्रेस पर हमेशा भरोसा किया है. उन्होंने यह भी बताया कि राहुल गांधी आज भी राजस्थान कांग्रेस पर भरोसा रखते हैं और पुष्कर में हालिया घटनाओं ने इसे साबित किया है. अशोक गहलोत का यह बयान राजस्थान और देश में राजनीतिक चर्चा का विषय बन गया है.

# इंडिया गठबंधन की दिल्ली में बैठक आज, 23 दल होंगे शामिल

**नई दिल्ली, 07 जून.** कांग्रेस ने कहा है कि विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की सोमवार को यहां होने वाली बैठक में 23 दलों ने भाग लेने की पुष्टि कर दी है. कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यहां कांस्टीट्यूशनल क्लब में आयोजित इस बैठक में इंडिया गठबंधन के 23 दल शामिल हो रहे हैं. इस बारे में उन्हें इन दलों से बैठक में शामिल होने को लेकर पत्र मिल चुका है. वहीं, इस बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) और डीएमके पार्टी भाग नहीं लेगी. श्री रमेश ने कहा कि भारत की तरह इंडिया गठबंधन भी अपनी विविधता के साथ एकजुट है और लोकतंत्र, संविधान तथा जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए मिलकर संघर्ष करता रहेगा. उन्होंने स्पष्ट किया कि कुछ दल अपने-अपने कारणों से इस बैठक में शामिल नहीं हो पाएंगे, लेकिन उन्होंने मोदी सरकार की नीतियों और कार्रवाइयों पर कड़ा विरोध व्यक्त किया है.

# इंजीनियर के घर से 2 करोड़ सहित अकूत संपत्ति मिली


भ्रष्टाचार के आरोप में ओडिशा का इंजीनियर गिरफ्तार

**भुवनेश्वर, 07 जून. ओडिशा सतर्कता विभाग ने आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसी (आईटीडीए) के एक इंजीनियर को रविवार को गिरफ्तार किया.**

अधिकारियों ने बताया कि इस कार्रवाई के दौरान आरोपी के पास से 2.04 करोड़ रुपये नकद सहित अकूत संपत्ति का पता चला है. कंधमाल जिले के बालीगुडा में आईटीडीए के सहायक कार्यकारी अभियंता (एईई) के पद पर तैनात बैकुंठ नाथ बेहरा को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. उसे भुवनेश्वर की विशेष सतर्कता अदालत में पेश किया जा रहा है. विजिलेंस अधिकारियों के अनुसार, बेहरा से जुड़े ठिकानों पर एक साथ की गयी छापेमारी में भारी मात्रा में चल और अचल संपत्ति का पता चला है, जिसका वह कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दे सका.

# अमेरिका में पिज्जा डिलीवरी बॉय की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली, 07 जून.** पेंसिल्वेनिया के फिलाडेल्फिया में शुक्रवार की आधी रात को पिज्जा डिलीवरी पर गए भारतीय नागरिक अंशुल कुंचा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सीबीएस न्यूज़ और स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, अंशुल ने रेमंड रोसेन होम्स नामक सोसाइटी में पिज्जा डिलीवरी की, और परिसर से बाहर निकलते ही दो अज्ञात हमलावरों ने उन पर गोली चलाई. उन्हें तुरंत टेम्पल यूनिवर्सिटी अस्पताल ले जाया गया, जहां लगभग 1 बजे रात को उनकी मौत हो गई. भारतीय दूतावास ने अंशुल कुंचा की असामयिक मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया और परिवार के संपर्क में रहने और हर संभव सहायता देने की बात कही।

**निर्देश** सुरक्षा केवल सुरक्षा बलों की जिम्मेदारी नहीं, सामूहिक जिम्मेदारी है : शाह

# सीमा से हथियारों की आवाजाही पर लगाएं रोक



**नई दिल्ली, 07 जून. भारत-बांग्लादेश सीमा पर बढ़ती नशीले पदार्थों की तस्करी और अवैध हथियारों की आवाजाही को रोकने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बड़ा कदम उठाने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने सीमा से सटे क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को जागरूक और प्रशिक्षित करने के लिए विशेष शिविर आयोजित करने को कहा है.**

अमित शाह ने शनिवार को अगरतला के निकट शालबागान स्थित बीएसएफ त्रिपुरा फ्रंटियर मुख्यालय में सीमा क्षेत्रों से जुड़े मुद्दों की समीक्षा बैठक की. इस दौरान उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा केवल सुरक्षा बलों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की सामूहिक जिम्मेदारी है. इसलिए लोगों की भागीदारी बढ़ाना बेहद जरूरी है। गृह मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भारत-बांग्लादेश सीमा पर रहने वाले लोगों के लिए विशेष प्रशिक्षण और जागरूकता शिविर लगाए जाएं. इन शिविरों में पटवारी, स्थानीय पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों की मौजूदगी सुनिश्चित की जाए. बैठक में अमित शाह ने यह भी निर्देश दिया कि गृह मंत्रालय के सीसीटीवी मॉडल को सबसे पहले त्रिपुरा में लागू किया जाए.

> त्रिपुरा प्रशासन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हालिया दौरे के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों में पिछले पांच वर्षों में बड़ी विनिर्माण परियोजनाओं और संपत्ति की खरीद फरोख्त की जांच शुरू कर दी है. राज्य प्रशासन के सूत्रों के अनुसार, श्री शाह ने सीमावर्ती क्षेत्रों में वित्तीय गतिविधियों की बारीकी से जांच करने के साथ-साथ उस इलाके में निर्माण परियोजनाओं और जमीन के लेन-देन पर नज़र रखने पर ज़ोर दिया.

